तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 सरायपाली के आयुष और पिथौरा की अनुपमा...





12 गौरव विद्या मंदिर में हुआ किशोर व कन्या ...




## खबर संक्षेप

### पिता-पुत्र घायल

**महासमुंद।** चंडी मंदिर रोड के पास पिकअप की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि लोकेश साहू निवासी वार्ड नं एक भानपुर 9 जुलाई की रात करीब अपने लड़के नरेंद्र साहू को लेने अपनी मोटर सायकल क्र सीजी 06 एचसी 0219 से रेलवे स्टेशन गया था। रात करीबन 9.55 बजे ट्रेन आने के पश्चात अपने लड़के के साथ वापस घर भानपुर जा रहा था, चंडी मंदिर मोड एनएच 353 रोड के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्र सीजी 04 एचक्यू 7533 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते बाइक को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में पिता-पुत्र को चोटें आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पार्षद के भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पार्षद के भाई के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को मोहम्मद कादरी पार्षद व निवासी वार्ड नंबर 15 बसना ने पुलिस को बताया कि 12 जुलाई की सुबह लगभग 4 बजे उसके छोटे भाई अफसर कादरी ने फोन कर बताया कि टेलीफोन आफिस के सामने उसके साथ बंसुलाडीपा के वीरेंद्र मिश्रा के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट किया गया है। जब उसने जाकर देखा तो उसका भाई टेलीफोन आफिस के पास पड़ा था तथा पूछने पर अज्ञात कारण से आरोपी वीरेंद्र मिश्रा द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर अज्ञात वस्तु से मारपीट करना बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में महिला घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 भोकलूडीह में बाइक में सवार एक महिला एक्सीडेंट में घायल हो गई। सांकरा पुलिस को प्रार्थी धनीराम रात्रे पिता सुरेंद्र रात्रे निवासी दलालखार ने बताया कि 2 जुलाई को वह अपने माता पिता व भारत जगत के साथ रजिस्ट्री कराने पिथौरा गया था। वहां से वापस आते समय दोपहर 3 बजे अपनी मां भोजमोती रात्रे के साथ अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी06 जीयू 5046 से पिथौरा से रजिस्ट्री कराकर अपने घर वापस आ रहा था, तभी पीछे से आ रहे मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी05 एएन 3856 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पीछे बैठी उसकी मां गिर गई और उसे चोट लगी। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# सावन का पहला सोमवार आज, शिवालयों में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

## आयुष्मान योग, धनिष्ठा नक्षत्र के शुभ मुहूर्तों में होगी पूजा, कांवर यात्री करेंगें जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन के पहले सोमवार को अंचल में स्थित सभी शिवालयो में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। जिसके लिए मंदिरों में तैयारी की जा चुकी है। वही बाजार में भी फूलों के साथ बोल बम वाले कपड़े, जल ले जाने के कमंडल, कांवर सजाने के सामान एवं नारियल के दुकान सज चुके है। बता दे कि नगर में बहुत से शिवालय स्थित है एवं जिले में सिरपुर, बम्हनी, कनेकेरा जैसे प्रसिद्ध शिवालय है जहां सावन सोमवार के दिन हजारों भक्तो की भीड़ हर साल जल लेकर अभिषेक करने पहुंचते है। जिसके लिए मंदिर प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी किया जाता रहा है। इस बार भी भक्तो के सुविधा के लिए तैयारी किया गया है।

### सावन माह के व्रत और त्योहार

आज पहला सावन सोमवार व्रत, गजानन संकष्टी चतुर्थी व्रत, शुक्रवार 18 जुलाई कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी, सोमवार 21 जुलाई दूसरा सावन सोमवार व्रत, कामिका एकादशी, गुरुवार 24 जुलाई हरेली, सोमवार 28 जुलाई तीसरा सावन सोमवार व्रत, विनायक चतुर्थी, मंगलवार 29 जुलाई नाग पंचमी, सोमवार 4 अगस्त चौथा सावन सोमवार व्रत, मंगलवार 5 अगस्त पुत्रदा एकादशी, शनिवार 9 अगस्त रक्षा बंधन



### 16 को कर्क राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य

सावन माह के दौरान 16 जुलाई को शाम 5.30 बजे सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करेगा। इसके बाद दिन की अवधि के घटने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सूर्य का कर्क राशि में प्रवेश करना कर्क संक्रांति कहलाता है। इसका भी महत्व मकर संक्रांति जैसा ही है। सावन माह में कर्क राशि में रहते भगवान शिव और मां अंबिका के पूजन का विधान है।

सावन महीने का पहला सोमवार आज है और भोलेबाबा को जलाभिषेक करने भक्तों की भीड़ शिवालयों में सुबह से उमड़ेगी। सावन के पहले सोमवार में आयुष्मान योग, धनिष्ठा नक्षत्र के शुभ मुहूर्तों में भक्तजन पूजा कर सकेंगे। इस बार सावन माह की शुरुआत शुक्रवार 11 जुलाई से हुई और शनिवार 9 अगस्त रक्षा बंधन के दिन सावन का समापन होगा।

सावन मास के सोमवार और श्रावण मास की शिवरात्रि बहुत ही विशिष्ट और शुभ फलदायक होती है। श्रावण मास की शिवरात्रि बुधवार 23 जुलाई को है। इस दिन शिवालयों तक पैदल पहुंचकर भोलेबाबा का जलाभिषेक करने का विशेष प्रावधान है। लोग कांवर यात्रा निकालकर शिवालयों तक पहुंचते हैं और जल अर्पण करते। इस बार सावन के पहले सोमवार को आयुष्मान योग बन रहा है। गंगा स्नान के बाद भक्त जन गंगाजल लेकर शिवालयों में जल चढ़ाएंगे। सावन में शिव के मदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन और विशेष पूजन किया जाता है। सावन के पहले सोमवार को कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि है।

**विडंबना:** वित्तीय वर्ष की शुरुआत में वसूली के मामले में पालिका की धीमी शुरुआत

# टैक्स वसूली धीमी, बढ़ता जा रहा बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टैक्स वसूली की धीमी रफ्तार के कारण बढ़ता हुआ बकाया पालिका पर बोझ बनता जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में महज 5 फीसदी राजस्व वसूला जा सका है। हालांकि, साल के अंत में वसूली रफ्तार पकड़ती है। लेकिन, नए पदाधिकारियों की मानें तो कर्मचारी शुरु से ही वसूली में संजीदा रहें तो अंत में यह भार कम होगा।

### विकास कार्य भी ठप

शहर का विकास कार्य भी ठप हैं। पिछले कुछ वर्षों कोई बड़ा प्रोजेक्ट नगर पालिका द्वारा शुरू नहीं किया गया है। जनता को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इंडोर स्टेडियम का निर्माण, चौपाटी की निलामी, उद्यानों का रखरखाव, सामुदायिक भवनों की देखरेख नहीं हो पा रही है।



■ बकायादारों में नगर पालिका के नोटिस का भी कोई असर नहीं

### बरती जाएगी सख्ती

हाल ही में पालिका में राजस्व विभाग की बैठक हुई। इसमें नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बड़े बकायदारों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा नल कनेक्शन काटने व सुविधाएं बंद करने के निर्देश दिए गए है। पहले भी बड़े बकायादारों की लिस्ट बनाई थी।

उल्लेखनीय है कि बकायदारों पर पालिका के नोटिस का भी असर नहीं हो रहा। मिली जानकारी के अनुसार चालू वर्ष का कुल बकाया 417.67 लाख है। वसूली 24.13 लाख रुपए हुई है। अब तक 5.79 प्रतिशत वसूली हो पाई है। पिछले वर्षों का 493.36 कुल बकाया है। वसूली 10.10 लाख हुई है। जो केवल 2 प्रतिशत है। चालू और पिछले वर्षों का कुल बकाया 910.93 लाख रुपए है। वसूली 34.26 लाख रुपए (3.76) ही हो पाई है। नगर पालिका के सीएमओ अशोक सलामे ने बताया कि बड़े बकायदारों पर सख्ती बरती जाएगी। घर-घर टीम दस्तक देने के लिए जाएगी। टैक्स वसूलने के अभियान चलाया जाएगा।

### जलकर का सर्वाधिक बकाया

चालू वर्ष में 130.55 लाख जलकर बकाया है। वसूली अब तक 4.96 लाख रुपए हुई है। जो कुल बकाया का मात्र 3.71 प्रतिशत है। पूर्व वर्षों का कुल बकाया 307 लाख व वसूली 3.67 लाख रुपए हुई है। इस तरह जलकर का कुल बकाया 441.03 लाख रुपए है। 8.63 लाख रुपए (एक प्रतिशत) ही जलकर की वसूली हो पाई है। चालू वर्ष में संपत्तिकर कुल बकाया 88.86 लाख है। वसूली 1.89 लाख रुपए हुई है। पिछले वर्षों का बकाया 35.15 लाख व वसूली 3.49 लाख रुपए हुई है। चालू व पिछले वर्ष का कुल बकाया 124.01 लाख है व वसूली 5.38 लाख हुई है।

### सालों से नहीं हुई 70 फीसदी वसूली

नगर पालिका ने बड़े बकायदारों पर सख्ती बरतने की योजना बनाई है और नोटिस देने की तैयारी में है। इसके बाद भी टैक्स का भुगतान नहीं हो पाता। पिछले तीन चार वर्षों में एक बार भी 70 प्रतिशत तक वसूली नहीं हो पाई है। पालिका सेवाओं के एवज में वार्डवासियों से टैक्स वसूल करती है। जैसे संपत्ति टैक्स, समेकित टैक्स, जलकर, दुकानों का किराया, निर्यात कर और यूजर चार्ज जैसे टैक्स वसूल किए जाते हैं। वार्डवासी व बड़े बकायदार टैक्स भुगतान में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे।

# बागबाहरा में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्ती प्रशासन ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए जिला प्रशासन द्वारा दो स्थलों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश साहू के मार्गदर्शन में नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई बागबाहरा के लालपुर क्षेत्र में सोनदादर मार्ग के समीप एवं वार्ड क्रमांक 09, पिथौरा रोड के पास स्थित अवैध प्लाटिंग पर की गई। दोनों ही स्थानों पर बिना अनुमति के भूमि का अवैध रूप से विभाजन कर प्लाटिंग की जा रही थी, जो नियमों के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार नितिन ठाकुर, राजस्व निरीक्षक बेहरा, पटवारी रूपेश सिन्हा, उप अभियंता शशि प्रताप सिंह तथा नगर पालिका के राजस्व अमले की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया एवं कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### वैध कॉलोनी में करें निवेश

किसी भी प्रकार की जमीन की खरीद-फरोख्त से पूर्व संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति एवं वैध दस्तावेजों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि किसी प्रकार की कानूनी जटिलता से बचा जा सके।

# सावन के तीसरे दिन पारा 32 डिग्री पर पहुंचा, आने वाले दिनों में बारिश की संभावना नहीं

## मौसम खुलते ही खेती-किसानी ने पकड़ी रफ्तार, वहीं बांधों के जलस्तर में भी आया सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन की शुरूआत हो गई है, लेकिन इसका तीसरा दिन काफी गर्म रहा। मौसम सुबह से पूरी तरह साफ हो गया और तेज धूप निकली। इस कारण तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। अगले तीन से चार दिन तक बारिश की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। हालाकि कहीं कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है। जिले में अब तक 333 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। जिले में सावन की शुरूआत के साथ अच्छी बारिश होती है। लेकिन, इस बार मानसून लगभग समय पर आया लेकिन जिले में सावन लगते ही कमजोर हो गया है। हालांकि इससे पहले शहर सहित जिले में झमाझम बारिश हुई। सावन के पहले दिन कहीं-कहीं बारिश हुई। इसके बाद जिले में बारिश नहीं हुई। बल्कि, मौसम सुबह से साफ हो गया और तेज धूप निकली रही। अधिकतम तापमान 32 डिग्री पहुंचने के कारण दिनभर गर्मी का अहसास हुआ। साथ ही उमस ने खासे परेशान किया। पिछले दिनों बंद हो चुके कूलर, एसी फिर से चलने लगे। पूरे जिले में अचानक से बारिश का दौर थम गया। मौसम विभाग की मानें तो अभी बारिश होने की संभावना काफी कम है। अगले तीन से चार दिन में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद भी मानसून के एक्टिव होने पर ही अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विभाग की मानें तो 16 जुलाई से फिर एक बार मौसम



बदलने की संभावना है। इसके बाद ही झमाझम बारिश होगी। तब तक लोगों को इंतजार करना होगा।

जिले में फसलों की बोनी का काम चल रहा है, लेकिन बारिश पूरी तरह थमने और तेज धूप निकलने से कई किसानों की चिंता बढ़ गई तो कई किसान खुश है। ज्यादा बारिश होने से कई किसानों के खेतों में लबालब पानी भरने से खेती-किसानी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही अब रोपा कार्य के बाद फसलों के निंदाई, चालाई एवं खरपतवारनाशक दवाई के छिड़काव में तेजी आयेगी।

### बांध के जल स्तर में हुआ है सुधार

बारिश से बांधों के जलस्तर में सुधार हुआ है। 100 छोटे जलाशयों में से 2 जलाशयों में शत-प्रतिशत पानी भर चुका है और कोडार बांध में भी 15 फीट पानी हो गया है। कोडार बांध में लगभग 28 प्रतिशत पानी है। कोडार बांध में 43.16 मिक्यूमी जलभराव हुआ है। वहीं केशवा जलशय के भी जलस्तर में सुधार हुआ है। केशवा जलाशय में 3.63 मिक्यूमी पानी है। जो क्षमता से 20 प्रतिशत है। बेलटुकरी जलाशय में 72 प्रतिशत, नांदगांव जलाशय में 70 प्रतिशत, छपोराडीह में 89 प्रतिशत, आमाकोनी में 73 जलाशय, कलमीझर जलाशय 72 प्रतिशत, थीपापानी 70 प्रतिशत पानी है। लघु जलाशयों की स्थिति में सुधार हो रहा है।

### मौसम खुलते ही गौरव पथ निर्माण तेज

बीटीआई रोड शहर के मुख्य मार्गों में से एक है। कई प्रशासनिक दफ्तर, स्कूल, कॉलेज का पहुंच मार्ग इसी बीटीआई रोड ही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहर से जोड़ने वाला एक मुख्य मार्ग है। गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का पहले से काम चल रहा है लेकिन, बारिश की वजह से काम धीमा हो गया अब मौसम खुलने के बाद नाली निर्माण एवं रास्ते में गिट्टी बिछाने के कार्यो में तेजी देखी जा रही है।

## नवकार पट की पालकी यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई

# 51 दिवसीय नवकार अमृत अनुष्ठान एवं तपस्या की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उपाध्यायद्वय अध्यात्मयोगी महेंद्रसागर मसा एवं युवा मनीषी मनीषसागर मसा के शिष्य विवेकसागर मसा व शासनरत्नसागर मसा की पावन निश्रा में रविवार 13 जुलाई को 51 दिवसीय नवकार अमृत अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम मनोहर बहु मंडल ने मंगलगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भक्ति गोलछा, मौली भंसाली, कृतिका लूनिया, ख़ुशी लूनिया और श्रुति लूनिया ने नृत्य के माध्यम से नवकार की महिमा का वर्णन किया। जैन श्री संघ द्वारा नवकार पट की स्थापना के लाभार्थी नेमीचंद भंवरलाल सम्पतलाल कानमल चोपड़ा का बहुमान किया गया। तत्पश्चात नवकार पट की पालकी यात्रा गाजे बाजे के साथ जैन मंदिर से गांधी चौक होते हुए वल्लभ भवन पहुंची,



जहां नवकार दरबार में नवकार पट की स्थापना की गई। साधकों को बेटका और माला श्री संघ की द्वारा गुप्त लाभार्थी के माध्यम से प्रदान किया गया। विवेकसागर मसा ने इस अनुष्ठान का वर्णन करते हुए बताया कि 51 दिन में प्रत्येक आराधक को न्यूनतम 102 पक्की माला का जाप नवकार दरबार में करना है। अर्थात एक आराधक 51 दिनों में कुल 11016 नवकार मंत्र का जाप करेगा। इस प्रकार 100 आराधक लगभग 11 लाख मंत्र का जाप इस दरबार में करेंगे। इतने मंत्रोच्चार से इस जगह की ऊर्जा में अपार वृद्धि होगी तथा संपूर्ण संघ का मंगल होगा। जैन धर्म में नवकार मंत्र की महिमा अपरंपार बताई गई है। कार्यक्रम का संचालन सीए रितेश गोलछा द्वारा किया गया।



आज से आत्मशोधन तप एवं कर्म विजय तप का भी प्रारंभ हुआ

आज से 30 दिनों के लिए दो विशेष तपस्या की आराधना का भी प्रारंभ हुआ। शासनरत्न सागर ने फरमाया कि अपनी आत्मा की पहचान, शुद्धि और विकास के लिए ये दोनों तप सहायक सिद्ध होंगे। कर्म विजय तप का उद्देश्य अज्ञानता के कारण बंधे कर्मों पर विजय पाना है, जिसमें 29 दिनों तक लगातार एकासना करना है और इसकी क्रिया करना है। इसके अलावा आत्म शोधन तप का उद्देश्य अपनी आत्मा को पहचानना है, जिसमें क्रिया के साथ 30 दिनों तक एक दिन उपवास और एक दिन बियासना का क्रम रहेगा।

इसके साथ साथ तेले और आयंबिल की कड़ी भी गतिमान है। आराधकों के एकासना और बियासना की व्यवस्था शांतिनाथ भवन गांधी चौक में रखी गई है। आगे जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राजेश लुनिया ने बताया कि चातुर्मास जैन परम्परा के अनुसार तप और जप के लिए महत्वपूर्ण समय है। चातुर्मास के प्रारंभ से ही प्रातः प्रवचन, दोपहर को स्वाध्याय और फिर महावीर के सिद्धांतों की व्याख्या, शाम को प्रतिक्रमण, रात को पुरुषों का स्वाध्याय और भक्ति नियमित रूप से चालू है। सभी वर्ग और संप्रदाय के लोग इसका लाभ ले सकते हैं। यह जानकारी जैन संघ से ललिता बरडिया ने दी है।



# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए दूसरा टेस्ट का आयोजन

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक डी.बसंत साव ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -02 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भारत का भूगोल, छत्तीसगढ़, भारत एवं छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम तीसरा टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -03 आगामी 20 जुलाई 2025, रविवार को आयोजित किया जाएगा। साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पवन महामंत्री मनीष बने सचिव

**रायपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने पवन कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा महामंत्री और मनीष कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है। यह दायित्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू की संस्तुति पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल प्रसाद गुप्ता की अनुशंसा व अनुमोदन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू के मार्गदर्शन में सौंपा गया है।

### भाषा के नाम पर किसी से भी दुर्व्यवहार न करने का अनुरोध

**रायपुर।** संयुक्त महाराष्ट्रीयन समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार रामटेके ने मनसे नेता राज ठाकरे एवं शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे से अनुरोध किया है कि भाषा के नाम पर अन्य प्रांतों से महाराष्ट्र गए लोगों से दुर्व्यवहार, मारपीट न की जाए, क्योंकि महाराष्ट्र के लाखों लोग भी देशभर के अन्य राज्यों में अपने व्यवसाय एवं नौकरी करते हैं। ऐसे में अगर उनके साथ भी किसी अन्य प्रदेश में अप्रिय व्यवहार किया जाएगा तो यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उक्ताशय की जानकारी राकेश गजभिये ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### भरभरा कर गिरा पुरानी भवन बड़ा हादसा टला

**आरंग।** प्राचीन नगरी के नाम से सुविख्यात नगर आरंग में आज भी जगह जगह खंडहर नुमा अनेक भवनें है। जो कभी भी भरभरा गिर सकता है। कई ऐसी भवनें है जो कभी भी गिर सकता है। जिससे लोगों को जान माल की हानी हो सकती है। सूत्रों से पता चला है कि कई मकान मालिक आरंग से बाहर रहते हैं। तो कुछ लोग मोहल्ले छोड़कर नगर के अन्य मोहल्ले में घर बना लिये हैं। जिसके चलते कई पुरानी भवनें जर्जर हालत में खड़ी है। वहीं कुछ पुरानी भवनों में पारिवारिक विवाद चल रहा है। इन सबके चलते लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं शुक्रवार को महामाया मंदिर के समीप एक पुरानी भवन भरभरा कर गिर गया। जिससे पास खड़ी एक कार को काफी क्षति पहुंची है। अच्छी बात यह रही कि आसपास कोई नहीं था।

# मेडिकल क्यूब्स 'भीष्म' से सुसज्जित हुआ एम्स, आपदा आने पर 10 मिनट में तैयार होगा पोर्टेबल अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत किसी भी तरह की आपदा आने पर भीष्म मेडिकल क्यूब्स से दस मिनट के भीतर पोर्टेबल अस्पताल तैयार हो जाएगा। ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी वार्ड, जीवन रक्षक दवा, वेंटिलेटर सहित कई उपकरण से सुसज्जित इस अस्पताल के एक यूनिट में 2 सौ मरीजों का इलाज करने की क्षमता होगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स को इस मेडिकल क्यूब्स से लैस किया गया है।

सबसे सुविधाजनक बात यह होगी कि इसे किसी भी आपदाग्रस्त क्षेत्र में हवाई मार्ग से भी पहुंचाया जा सकेगा। यह मेडिकल क्यूब्स सौर ऊर्जा पर आधारित होगा और आपतकाल में बैकअप के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी होगी। भीष्म मेडिकल क्यूब्स प्राकृतिक आपदाओं, सामूहिक दुर्घटनाओं और संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित ट्रॉमा केयर और मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गया है।

प्रत्येक क्यूब 10–15 मिनट के भीतर एक पूर्ण रूप से कार्यशील मोबाइल अस्पताल में परिवर्तित हो सकता है, जिसमें ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन वार्ड, जीवन रक्षक दवाएं, रक्त परीक्षण किट, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, एक्स-रे व सोनोग्राफी मशीन, स्ट्रेचर व अन्य आवश्यक उपकरण सम्मिलित हैं। चिकित्सकों ने बताया कि एआई-आधारित निगरानी प्रणाली मरीजों की स्वास्थ्य स्थितियों की रियल-टाइम ट्रैकिंग करती है, और इसका जलरोधी डिज़ाइन बाढ़ व भारी वर्षा के दौरान भी कार्यशील रहता है।

## ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी वार्ड, जीवन रक्षक दवा, वेंटिलेटर सहित कई उपकरण शामिल

### नक्सल विरोधी अभियान में हो सकते हैं उपयोगी

चिकित्सकों के अनुसार मेडिकल क्यूब्स न केवल आपदा जैसी परिस्थितियों में लोगों की जान बचाने में सहायक होंगे, बल्कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में, विशेष रूप से नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भी बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर आयोजित एक बड़े ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम में 500 डॉक्टर, नर्स, पेरामेडिक्स, पुलिसकर्मी, सशस्त्र बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और एएनटीएफ के सदस्य सम्मिलित हुए।



### आपदा प्रतिक्रिया क्षमता में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा

एम्स में भीष्म (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एवं मैत्री) परियोजना का औपचारिक उद्घाटन हुआ, जो कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह क्यूब्स हमारी आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आएंगे। एम्स के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि परियोजना का उद्घाटन हमारे संस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए ऐताहासिक क्षण है।

# बसना पुलिस का गांवों में नशामुक्ति और साइबर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना पुलिस ने अनेक गांवों के चौक-चौराहों में नशामुक्ति एवं सोशल मीडिया के उपयोग एवं इससे होने वाले साइबर क्राइम के सम्बन्ध में जागरुकता अभियान चलाया।

बसना थाना प्रभारी नरेंद्र राठौर ने नशामुक्ति एवं साइबर फ्राड संबंधी जानकारी, साइबर फ्रॉड के तरीके, स्कूली बच्चों को परीक्षा में पास करा देने जैसे फ्रॉड, फ्रॉड से बचने के उपाय, साइबर फ्रॉड होने पर की जाने वाली कार्रवाई को विस्तारपूर्वक बताया। 12 जुलाई को ग्राम अरेकेल के मुख्य चौक में आम जनता को ऑनलाइन खरीदारी, क्रेडिट/डेबिट कार्ड धोखाधड़ी, फर्जी कस्टमर केयर एवं टोल फ्री नंबर सम्बन्धी फ्रॉड तथा सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सअप आदि से होने वाले सायबर फ्राड से बचने एवं संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, मजबूत पासवर्ड बनाये, डेबिट/डेडिट कार्ड डिटेल किसी न दे, यूपीआई का उपयोग सावधानी पूर्वक करें,



सोशल मीडिया फेसबुक, इस्टाग्राम एवं वाट्सअप में किसी अनजान व्यक्ति से संपर्क न करें। इसके अलावा साइबर अपराध के प्रकार जैसे डिजिटल अरेस्ट (पुलिस अधिकारी या कस्टम अधिकारी या इसी तरह कोई अन्य अधिकारी होने का दावा करते हुए कोई कॉल करता है और आपकी किसी अपराध में संलिप्त बताता है तो उसकी बात में भरोसा ना करके सबसे पहले थाने में खबर करनी है), इन्वेस्टमेंट फ्राड ( शेयर मार्केट में निवेश हेतु फर्जी वेबसाइट), क्रिप्टोकरंसी, लोन फ्राड (किसी अन्य के फोटो में किसी दूसरे व्यक्ति के होने का आभास होना), डिजिटल ब्लैकमेलिंग, फिशिंग (किसी लिंक पर क्लिक करने से उत्तर का लीक होना), हैकिंग (आपके अकाउंट को दूसरे द्वारा हैक कर लेना), आइडेंटिटी थेफ्ट (किसी अन्य के द्वारा कोई और व्यक्ति होने का ढोंग करना), स्कूली बच्चों को परीक्षा में पास करा देने संबंधी झांसा देने फोन कॉल आना आदि से संबंधित जानकारी देकर आम जनता को जागरूक किया गया। बसना थाना व जिला पुलिस ने सभी अपील की है कि सायबर फ्रांड होने पर नजदीकी पुलिस थाना एवं आनलाईन सायबर फ्राड टोल फ्री नं. 1930 तथा डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.साइबर क्राइम.गवर्नमेंट इन में जाकर शिकायत दर्ज करें। इसके अलावा सीईआईआर सीईआईआर पोर्टल में मोबाइल गुम होने पर शिकायत कर ट्रैक कर सकते है। कार्यक्रम में नशामुक्ति को लेकर लोगों को जागरूक करने, नशा के दुष्परिणाम को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य जन्मजय साव, लक्ष्मण साहू, कांस्टेबल महेंद्र पटेल एवं थाना की टीम तथा ग्राम के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बिजली उपभोक्ताओं को लूटने का काम कर रही भाजपा सरकार

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली नहीं दे रहीं हैं, केवल लूटने का काम कर रही हैं। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। जबकि, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं। अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है भाजपा सरकार। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। वर्ष 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमनसिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनाव चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे पांच साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के पांच साल में कुल वृद्धि मात्र 02 रुपए या 2 पैसे अर्थात केवल 0.32 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने कहा कि वहीं भाजपा की वर्तमान साय सरकार के डेढ़ साल में कुल वृद्धि 80 पैसे अर्थात 13 प्रतिशत बढ़ोत्तरी।



# सरोना का ट्रैफिक सिग्नल बंद, हादसे का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के व्यस्त मार्गों में से एक टाटीबंध-सरोना चौक का सिग्नल पिछले 10 दिनों से बंद है। सिग्नल बंद होने की वजह से एक्सीडेंट का खतरा पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय रहवासियों ने सिग्नल बंद होने की जानकारी जिम्मेदारों को दी है। बावजूज इसके अब तक सिग्नल ठीक नहीं किया गया है।

- रहवासियों की शिकायत पर अब तक नहीं सुधारा गया सिग्नल

स्थानीय रहवासियों के अनुसार टाटीबंध-सरोना चौक पर सुबह से लेकर रात तक भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। साथ ही सरोना चौक से स्थानीय रहवासी आवाजाही करते हैं। सिग्नल पार कर स्कूली बच्चे भी आवाजाही करते हैं। चौक का सिग्नल बंद होने की वजह से भारी वाहन चौक में रफ्तार कम करने के बजाये तेजी से अपना वाहन निकालते हैं। इससे स्कूली बच्चे रोड पार करने से डर रहे हैं। सिग्नल बंद होने की वजह से कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। समय पर मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से सिग्नल बंद होने की बात जानकार तथा ट्रैफिक पुलिस के अफसर कह रहे हैं। सिग्नल बंद होने की वजह से चौक में ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

# झलप पंचायत में हुआ भेंट मुलाकात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत झलप में पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव के साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा इंद्रजीत सिंह गोल्डी, मोती साहू, भाजपा झलप मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू



चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, जिला मंत्री धरम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल का भाजपा मंडल महामंत्री व सरपंच ग्राम पंचायत झलप राकेश साहू के नेतृत्व में स्वागत किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत झलप विकास के लिए मांग पत्र भी सरपंच द्वारा सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपलाल पटेल, खेमराज बघेल, आनंद साहू युवा नेता, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश्वर साहू, राजेंद्र चंद्राकर, धनेश्वर चंद्राकर, बली चौधरी, जगदीश चौहान ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष भागीरथी मार्कंडेय, सचिव कौशल देवांगन, धनेश सिन्हा, रविदास समाज जिला अध्यक्ष देवेंद्र रौतिया, प्रेम यादव, देवेंद्र राय, जगदीश चौहान, सतीश मार्कंडेय, पुरुषोत्तम साहू, पुरन मार्कंडेय, रज्जन गुप्ता, भुवन साहू, पंचगण माधुरी राजेंद्र चौधरी, पंचायत सचिव हेमेंद्र नाथ योगी, शालिनी सिंग, पंचायत स्टॉप, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# खाद के नाम पर भाजपा किसानों को ठग रही, लगातार झूठ बोल रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, खाद के नाम पर भाजपा किसानों को ठगने का काम कर रही है। प्रदेश में किसानों को उर्वरक नहीं मिल पा रहा, बोआई का काम, रोपाई का समय तेजी से बीत रहा है, खुले बाजार में भी खाद उपलब्ध नहीं है। सरकार लगातार झूठ बोल रही कि पूरे प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने विज्ञापन भी जारी किया है कि सरकारी सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में नैनो, डीएपी उपलब्ध है।

- दो वर्षों में हमने जनता की लड़ाई लड़ी : दीपक बैज

प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता में कहा, सरकार ने 11 जुलाई फिर से नैनो खरीदने के लिए निविदा जारी की है। इससे सवाल यह उठता है कि कब खरीदी होगी, कब सप्लाई और भंडारण होगा, कब बांटेंगे, जरूरत तो आज है। अगस्त, सितंबर में भी सप्लाई होगी, तो अनुपयोगी होगी। नैनो की लाइफ़ 6-7 माह रहती है, फिर ये एक्सपायर हो जाएगा। समय बीत जाने के बाद उपलब्धता का क्या लाभ? सरकार यदि वास्तव में जागरूक और ईमानदार किसान हितैषी होती, तो ये कदम अप्रैल में लेना था, अभी महंगे दाम पर खाद लेने के लिए किसान को व्यापारियों के पास झोंक दिया। 1350 में मिलने वाली खाद 2000 में बेची जा रही है, कोचियों, बिचौलियों और जमाखोरी को सरकार का संरक्षण है।




### बैज के कार्यकाल को दो वर्ष पूरे कांग्रेस नेतृत्व का जताया आभार

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को आज दो वर्ष पूरे हो गए। उन्होंने दो साल के कार्यकाल पर सबके सहयोग के लिए आभार जताया, कांग्रेस नेतृत्व का आभार जिन्होंने हमारे ऊपर भरोसा दिखाया, इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू सहित अपने वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस के सहयोगी मित्रों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों सभी के प्रति आभार, मीडिया के प्रति विशेष आभार आपने हमारे संघर्षों को मंच दिया।

### जनता की लड़ी लड़ाई

दो वर्षों में हमारी कोशिश रही कि हम जनता की लड़ाई लड़ें। जनता की तकलीफों की आवाज बनें, हमने एक दर्जन से अधिक न्याय यात्राएं कीं, आंदोलन किया, विधानसभा घेराव, सीएम हाउस घेराव, धरना प्रदर्शन जैसे तमाम लोकतांत्रिक हथियारों से विपक्ष के धर्म को निभाने का काम किया, हम कितने सफल रहे, यह आकलन करने का काम आप सब पर छोड़ता हूं। हमारा संघर्ष जन सरोकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी।

### समितियों के स्टॉक सार्वजनिक करे सरकार

उन्होंने कहा, प्रदेश में 2354 सहकारी समितियों के स्टॉक डिटेल सरकार सार्वजनिक करें, झूठे प्रचार नहीं। हमने अपने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा है कि वे खुद सोसाइटी में जाकर भौतिक सत्यापन करें। नकली और मिलावटी खाद खुले आम बिक रही है। निजी खाद दुकानों में कहीं भी स्टॉक का वेरिफिकेशन नहीं हो रहा है। प्रदेश में निजी खाद बेचने वाले व्यापारियों खासकर डीएपी के सुपर स्टॉकिस्ट/डीलर कौन है, सरकार बताये?

### बिजली बिल के दामों की बढ़ोतरी, कांग्रेस करेगी आंदोलन

उन्होंने कहा, बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है।

# लक्ष्मीनगर के पास 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 के नगर निवेश विभाग की टीम ने शनिवार को लक्ष्मीनगर वीआईपी चौक के पास योगेश वर्मा द्वारा किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ गिराया। नोटिस देने के बाद भी संबंधित द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं करने पर निगम अमले ने तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

दरअसल, संतोषीनगर क्षेत्र के लक्ष्मीनगर एरिया में वीआईपी चौक के पास किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को जोन 6 की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ने में तत्परता दिखायी। जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में 4 दुकानों के अवैध निर्माण को नोटिस देने के बाद भी निर्माण कार्य बंद नहीं किये जाने और निर्माण कार्य लगातार जारी रखने पर नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग टीम ने अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निवेश सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर की उपस्थिति में स्थल पर की गयी।

# विधायक मूणत ने जनचौपाल में जनता को दिलाया भरोसा, कहा- राजनीति नहीं, सेवा करने आया हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को वीर शिवाजी वार्ड और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में जन चौपाल का आयोजन कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी असली ताकत है। श्री मूणत ने जनता को भरोसा दिलाया कि वे राजनीति नहीं, जनता की सेवा करने आये हैं।

- वीर शिवाजी वार्ड में मंगल भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा

शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम क्षेत्र के वीर शिवाजी और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में नाम या पद के लिए नहीं आया हूं, मेरी प्राथमिकता सिर्फ सेवा है। आप मेरे परिवार के सदस्य हैं, आपके हर काम में मेरी भागीदारी है। राजेश मूणत ने जनता से भी अपील की कि यदि कहीं भी घटिया या अधूरा कार्य दिखाई दे, तो उसका वीडियो बनाकर उनके कार्यालय तक पहुंचाएं ताकि तत्काल जांच करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की निगरानी आपकी जिम्मेदारी है और पारदर्शिता हमारी।

वीर शिवाजी वार्ड खमतराई में मांगलिक कार्यक्रमों



के लिए विधायक ने एक करोड़ रुपये की घोषणा भी की। उन्होंने पटवारी को निर्देश दिया कि एक एकड़ भूमि जल्द से जल्द चयनित करें ताकि मांगलिक भवन का निर्माण प्रारंभ हो सके। यह भवन समाज के सभी वर्गों के उपयोग के लिए होगा।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में चल रहे विकास कार्यो का जिक्र करते हुए बताया कि डगनिया तालाब में पचरीकरण, शेड बनाने का काम और चेंजिग रूम बनवाया जा रहा है।

जन चौपाल कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एमआईसी सदस्य सुमन-अशोक पांडे, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन कमिश्नर दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# साइबर जालसाज ठगी के बाद लीगल कार्रवाई करने की धमकी देकर कर रहे वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइबर ठगी करने वाले जालसाज अपने शिकार को डिजिटल अरेस्ट की तरह प्रताड़ित कर वसूली कर रहे हैं। रेंज साइबर पुलिस ने इस तरह ठगी के प्रकरणों में एक साल के भीतर जालसाजों के अकाउंट में जमा 40 करोड़ रुपए होल्ड कराया है। इसके साथ ही ठगी के शिकार लोगों को चार करोड़ रुपए रिफंड कराया है। रेंज साइबर पुलिस का दावा है कि एक साल के भीतर आधे से ज्यादा लोगों को उनकी ठगी की रकम वापस दिलाने की प्रक्रिया चल रही है। ठगी की होल्ड रकम वापस दिलाने में देर होने की वजह जालसाजों द्वारा अलग-अलग बैंक अकाउंट



में रकम ट्रांसफर होना बता रहे हैं। रेंज साइबर टीआई मनोज नायक के अनुसार साइबर ठगी की जितनी शिकायतें आती हैं, अफसरों के निर्देश पर उन मामलों को सुलझाने त्वरित कार्रवाई की जाती है। साथ ही उनकी प्राथमिकता ठगी की रकम को जल्द से जल्द होल्ड कराने का रहता है। ठगी की रकम होल्ड होने के बाद पीड़ितों को उनकी रकम दिलाने में मदद मिलती है। रेंज साइबर पुलिस राज्य के अन्य जिलों की अपेक्षा पीड़ितों को ठगी की रकम वापस दिलाने में काफी आगे है।

**म्यूल अकाउंट पर लगा अंकुश :** साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बाद जालसाज रायपुर में म्यूल अकाउंट खुलवाने से बच रहे हैं। इसके अलावा रायपुर से म्यूल अकाउंट लेने से बच रहे हैं। ऑनलाइन ठगी की जांच के लिए अलग से रेंज साइबर थाना खुलने के बाद म्यूल अकाउंट के खिलाफ रेंज साइबर पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है।

### पीड़ित की जुबानी कैसे की ठगी

रायपुर निवासी अमिताभ त्रिपाठी के अनुसार पिछले वर्ष जुलाई से अगस्त के बीच अज्ञात मोबाइल धारक ने उसे मैसेज भेज कर एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में जोड़ने के बाद ग्रुप में जुड़े लोगों ने अमिताभ की काउंसिलिंग कर शेयर ट्रेडिंग में रकम निवेश करने के लाभ बताए। झांसे में आकर अमिताभ ने जालसाजों के बताए अकाउंट में रकम जमा कराया। इस तरह से अमिताभ जालसाजों के अकाउंट में साढ़े पांच लाख रुपए जमा कर चुका था। ऑनलाइन अमिताभ को 37 लाख प्रॉफिट मिलना दिख रहा था। अमिताभ ने अकाउंट से पैसे निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने अमिताभ को उसके नाम से बैंक में साढ़े सात लाख रुपए कर्ज होना बताया। कर्ज की राशि जमा करने के बाद अमिताभ को रकम वापस देने का झांसा दिया।

## खबर संक्षेप

### शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में शुरू हुई संडे की पाठशाला

**महासमुंद।** बच्चों को जवाहर नवोदय, प्रयास एवं एकलव्य विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर रविवार से संडे स्पेशल क्लास का संचालन शुरू किया गया। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू के निर्देशन में संस्था की प्रधान पाठिका लीना पांडे, शिक्षक सिराज बक्श, सुनीता ध्रुव व शाला के सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रत्येक रविवार को संस्था में ग्यारह बजे से तीन बजे तक यह स्पेशल क्लास का संचालन हर सप्ताह के रविवार को किया जाएगा। संडे की पाठशाला की विधिवत शुरुआत के मौके पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव रही। अध्यक्षता ग्राम पंचायत खट्टी की सरपंच अनिता मोती लाल मेहरा ने की। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत खट्टी की उपसरपंच प्रभा ध्रुवंशी, पंच खोमन बाई साहू, चुन्नी बाई निषाद, शेरसिंग निषाद, शाला प्रबंध समिति सदस्य घसिया राम निषाद, मनहरण निषाद, मोती लाल मेहरा, संजय सेन मौजूद थे। अतिथिगणों ने सरस्वती पूजन के साथ आज की स्पेशल शाला की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव ने कहा कि ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को तराशने का यह प्रयास अनुकरणीय है। सरपंच अनिता मोती लाल मेहरा ने कहा कि शासकीय शालाओं में प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए संडे की पाठशाला मिल का पत्थर साबित होगी। इस अवसर में सरपंच द्वारा नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में चयनित होने वाले समस्त बच्चों के लिए पांच हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर शिक्षा समिति की सभापति उपसरपंच प्रभा ध्रुवंशी ने कहा कि शिक्षा के प्रति ऐसा माहौल हर स्कूलों में तैयार किया जाना चाहिए। अवकाश के दिन अपना समय निकाल कर शिक्षक बच्चों की बुनियाद को मजबूत करने में लगा रहे है यह कार्य बेमिसाल है। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, मोती लाल मेहरा, मनहरण निषाद, सुभाष शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को पूरी ईमानदारी और लगन के साथ पढ़ाई कर गांव का मान बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सिराज बक्श एवं आभार प्रदर्शन शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ने किया।

## आयोजन: गुरु पूर्णिमा पर खल्लारी में सिल्वर वुड पब्लिक स्कूल का शुभारंभ

# सभी समाज के विकास के लिए शिक्षा आवश्यक : भीखम ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

प्रकृति के गोद में बसे राज राजेश्वरी राज माता खल्लारी के ऐतिहासिक नगरी में गुरु पूर्णिमा पर सिल्वर वुड पब्लिक स्कूल खल्लारी (अंग्रेजी माध्यम कक्षा नर्सरी से आठवीं तक) का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, अध्यक्षता बागबाहरा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, अतिविशिष्ट अतिथि समाजसेवी व प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के सहसचिव दिनेश बंजारे, वरिष्ठ समाज सेवी व प्रगतिशील छग सतनामी के महासमुंद जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, विशेष अतिथि खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू, उपसरपंच तारेश साहू, शाउमावि खल्लारी के प्राचार्य सविता चंद्राकर, व्याख्याता सुमन चंद्राकर, स्कूल संचालक विजय कुमार मिर्चे, कन्हारपुरी पंचायत के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सोमनाथ टोंडेकर, ग्राम पंचायत पाली के सरपंच भुनेश्वर लोधी, व्यवसायी मनहरण गुप्ता, वार्ड पंच भुनेश्वर सिन्हा, पंच प्रतिनिधि माखन यादव, युवा कृषक रेशम चक्रधारी रहे।




### पर्याप्त स्टाफ व सुविधा के साथ स्कूल संचालन

स्वागत भाषण व प्रतिवेदन पठन में प्रधान अध्यापिका अंजना बैरवा ने बताया कि यह विद्यालय खल्लारी में नए विचारों के साथ आधुनिक आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति के लिए स्थापित किया गया है। जहां नर्सरी कक्षाओं हेतु मोंटेसरी टूल्स, लैंग्वेज हेतु फ्रोनिक, रोबोटिक्स, एबेकस, फ्लेसकार्ड व प्राइमरी व मिडिल ग्रुप के लिए बेसिक कंप्यूटर शिक्षा, ऑडियो-वीडियो क्लास रूम, खेलकूद के लिए पर्याप्त खेल सामान, सभी विद्यार्थियों को बैठने के लिए फर्नीचर सहित सीसीटीवी मॉनिटरिंग का उपलब्ध के साथ संचालित है। वहीं सिल्वर वुड पब्लिक स्कूल खल्लारी में संचालित गतिविधियों के बारे में मिस निशा चंद्राकर द्वारा वीडियो क्लिप भी दिखाया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं पालकों ने खूब सराहा गया।

सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गीता शर्मा ने प्रस्तुत किया। बाद नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास के लिए आवश्यक है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संस्कारित गुणवत्तायुक्त आधुनिक शिक्षा आज बहुत ही ज्यादा आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए यह सराहनीय कदम है। अध्यक्षता कर रहे बागबाहरा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष व्यवहार ने कहा कि गांवों में आज की आधुनिकता के हिसाब से स्कूल संचालन की नींव बच्चों की बेहतरीन भविष्य तय करेगी। निश्चित ही यहां अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राएं एक दिन इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। संचालन अंजना बैरवा एवं आभार प्रदर्शन विजय कुमार मिर्चे ने किया। इस अवसर पर गंगा बाई मिर्चे, डॉ विजय चतुर्वेदी, देवेंद्र मिर्चे, देवेंद्र टंडन, सोनु टंडन, सुशील व्यवहार, चंदन मारकंडे, राजाराम योगेश साहू, पुनीत यादव, फूलसिंग यादव, संजय मिर्चे, अजय मिर्चे, अखिलेश मिर्चे, अभिषेक मिर्चे, विद्यालय स्टाफ पूनम चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, मायावती निषाद, दुर्गेश्वरी व नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## निकाय कर्मियों ने अपनी मांगों से कराया मुख्यमंत्री को अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मूलभूत महत्वपूर्ण मांगों को लेकर लगातार पिछले एक सप्ताह भर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे और अपनी मांगों को लेकर नारा लगाते हुए आवाज बुलंद कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास करते रहे। नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांग जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पद पदोन्नति प्रदान करने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत है और लगातार शासन को अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयास कर रहे थे। इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारियों को मुलाकात के लिए बुलावा आया था। संघ के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। सोनी ने बताया कि चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही और आने वाले समय पर निश्चित रूप से कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले में प्रमुख रूप से कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर और कर्मचारी ललित साहू उपस्थित थे।

## एनएचएम कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायीत्व प्रदान करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक सम्मान दिलाने की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन में मुख्य मांग संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, ब्लॉक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वार्षिक मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, भर्ती में आरक्षण, मानवता आधारित अनुकंपा नियुक्ति, छुट्टी और मातृत्व सुविधाएं, स्थानांतरण नीति, और आकस्मिक दुर्घटना राहत जैसी प्रमुख मांग शामिल है।



संघ ने मांग की कि स्वास्थ्य विभाग की नीतियों में समानता और सम्मानपूर्ण व्यवहार हो तथा अन्य योजनाओं की तरह एनएचएम कर्मियों को भी उनका हक मिले। संघ के अनुसार इन मांगों के पूरा होने से राज्य के 16 हजार से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। संघ में मुख्य रूप से संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, सुरेंद्र चंद्राकर बीपीएम तुमगांव, मनीष भारद्वाज ब्लॉक अध्यक्ष, कमला तांडी जिलाध्यक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ, सुभाष पटेल सक्रिय सदस्य, धनेश्वर सिदार सह सचिव पिथौरा, खुशबू पटेल ब्लॉक उपाध्यक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ पिथौरा, मारकीना भारद्वाज, श्वेता मार्कंडेय, शत्रुघन साहू, रविंद्र कश्यकार, शिवम दुबे, ओम पटेल आदि उपस्थित रहे।

## गांजर को मिली सौगात, कीचड़ और धूल से मिलेगी मुक्ति, होगा सीसी रोड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ भूमिपूजन

बागबाहरा विकासखंड के ग्राम गांजर में सीसी रोड की सुविधा मिलने जा रही है। ग्राम में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मंगलवार को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत गांजर के सरपंच डॉ. गोयल चंद्राकर, वरिष्ठ ग्रामीणजन टुकेश्वर चंद्राकर, नेतराम साहू, संदीप चंद्राकर, भोला चंद्राकर, खम्हनलाल चंद्राकर सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के गांव-गांव तक विकास पहुंचाने में जुटी है। ग्राम गांजर में सीसी रोड निर्माण इसी संकल्प की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। पिछली सरकारों की उपेक्षा के चलते जो गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे, उन्हें अब प्राथमिकता के आधार पर विकास योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।





### सराईपाली सोसाइटी परिसर में किया गया पौधरोपण

**महासमुंद।** प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सराईपाली में समिति अध्यक्ष, कर्मचारियों व किसानों के साथ पर्यावरण संरक्षण के दिशा में शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र सराईपाली में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। देवेंद्र राय (अध्यक्ष) ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि अपने-अपने खेतों के मेड़ में, बाड़ी व अन्य खाली जगहों में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षा रोपण अवश्य करें। ताकि, पर्यावरण संतुलन बनी रहे, हमें शुद्ध हवा मिलती रहे। इस अवसर पर देवेंद्र राय (अध्यक्ष), तरुण कुमार वर्मा (प्रबंधक), गोबिंद चंद (सा. प्रबंधक), यादव कुलेश्वर दीवान (सरपंच भटगांव), नंदू टंडन, नेपाल दीवान, जागेश्वर साहू, परशुराम यादव, भूषण दीवान, हेमंत दीवान, कनक राम, आनंद आदि मौजूद रहे।

### छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन सरायपाली इकाई की हुई मासिक बैठक




**सरायपाली (ग्रामीण)।** छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन सरायपाली ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक वन विभाग रेस्ट हाउस सरायपाली में हुई। बैठक की संगठन के विस्तार और मजबूत रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारियों और ब्लॉक के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को अधिक प्रभावशाली एवं सशक्त बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में उपस्थित जिला से आए पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष बलराज नायडू, गौरव चंद्राकर, संतराम कुर्रे, लोकनाथ खुट्टे, संतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद इरफान शेख एवं सरायपाली ब्लॉक सदस्यों में ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लहरे, उपाध्यक्ष नृपनिधि पांडे, सहसचिव अजय चौहान, मीडिया प्रभारी आयुष साहू, गोपाल लहरिया, अभिनय शाह, सचिव सुनील महापात्र, फागुलाल रात्रे, गणेश दास सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### जनपद उपाध्यक्ष ने किया बेलसोंडा प्रीमियम लीग का शुभारंभ



**महासमुंद।** बेलसोंडा के मिनी स्टेडियम में बेलसोंडा प्रीमियम लीग 2025 नाइट मैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल खेल नहीं है, बल्कि यह जीवन में मानसिक तनाव को दूर करने और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी में खेल भावना को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकें और खेल के माध्यम से अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बेलसोंडा सरपंच प्रित बाई धीवर, पंचगण कुंती धीवर, पूजा शाहनी और हर्ष चंद्राकर उपस्थित थे। उन्होंने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने कहा कि खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करें और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें।

### बीआरआरसी से पूर्णानंद मिश्रा ने दिया इस्तीफा, संगठन ने वापस ली शिकायत मामले का हुआ आधा पटाक्षेप



**भंवरपुर।** बसना बीआरसीसी पूर्णानंद मिश्रा के खिलाफ 10 विभिन्न आरोपों के साथ ब्लाक के 33 संकुल समन्वयकों द्वारा एक राय होकर बकायदा कलेक्टर, डीईओ व डीएमसी को लिखित में शिकायत की गई थी कि यदि पूर्णानंद मिश्रा को पद से नहीं हटाया गया तो सभी संकुल समन्वयक अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे देंगे। पूर्णानंद मिश्रा ने 11 जुलाई को जिला मिशन समन्वयक के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक को व्यक्तिगत कारण से दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थ होने का हवाला देकर बीआरसी पद छोड़ने के बाद विवाद को समाप्त मानते हुए शिक्षक संगठन एवं संकुल समन्वयकों ने संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन देकर पूर्व में दी गई अपनी शिकायत को वापस ले लिया है।

## हाईस्कूल लाफिनखुर्द में हुआ छात्र संघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सफल संचालन एवं छात्र सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु उच्च प्राप्तांकों के आधार पर छात्र संघ का मनोनयन किया गया। छात्र संघ गठन की प्रक्रिया संस्था के प्राचार्य भारत साहू के मार्गदर्शन में हुई, जिसमें समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। नवगठित छात्र संघ में निम्नानुसार पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

अध्यक्ष चांदनी साहू (कक्षा दसवीं), उपाध्यक्ष पायल (नवमी), सचिव गरिमा टंडन (दसवीं), सहसचिव लीशा साहू (नवमी), कक्षा नायक (दसवीं) चित्ररेखा साहू, उपनायक भूमिका, कक्षा नायक (नवमी 'अ') काजल मानिकपुरी, उपनायक मीरा यादव, कक्षा नायक (नवमी 'ब') प्रीति साहू, उपनायक तारिणी साहू, छात्रा प्रतिनिधि भूमिका (दसवीं), भूमिका मानिकपुरी (नवमी), क्रीड़ा प्रतिनिधि युवराज साहू (दसवीं), सहयोगी दुष्यंत साहू, साहित्यिक प्रभारी हिमांशी (दसवीं), दीक्षा (नवमी), सांस्कृतिक प्रभारी हुलेश्वरी साहू (दसवीं), पायल (नवमी), नशा मुक्ति प्रभारी गुलशन (नवमी), कौशल्या (नवमी), अनुशासन प्रभारी निशा मारकंडे (दसवीं), तुषार साहू (दसवीं), पुस्तकालय प्रभारी चांदनी साहू (दसवीं), साक्षी कोसेले (नवमी), पेयजल एवं स्वच्छता प्रभारी खिलेश्वरी (दसवीं), मोहन यादव (दसवीं), सुरक्षा प्रभारी विनय थनेश, खिलेद्र (नवमी), प्रार्थना प्रभारी अंजली, प्रीति साहू, बागवानी प्रभारी छाया एवं भावना शामिल है। संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सभी मनोनीत छात्र प्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए विद्यालय के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था की व्याख्याता प्रीति चंद्राकर, भुवनेश्वरी जांगड़े, विनीता अंजलि दीवान, ममता ठाकुर, राधेश्याम सोनी, प्रकाश चंद्राकर सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



### खरोरा में श्रीराम कथा का आयोजन श्रवण करने पहुंच रहे भक्तजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में राम कथा आयोजन के छठवें दिन सीता हरण की कथा सुनाई गई। कथावाचक कृष्णानंद महाराज ने कहा कि माता सीता हरण एक महत्वपूर्ण घटना है। रावण ने मारीच के साथ मिलकर सीता का अपहरण करने की पहले योजना बनाई। मारीच सोने के हिरण का रूप धारण कर सीता के सामने आया, जिससे सीता मोहित हो गईं और राम से उसे पकड़ने का आग्रह किया। राम, लक्ष्मण को सीता की रक्षा का दायित्व सौंपकर हिरण का पीछा करते हुए चले गए। मारीच, राम की आवाज में सहायता के लिए पुकारने लगा, जिससे सीता चिंतित हो गईं और लक्ष्मण को राम की मदद के लिए जाने को कहा। लक्ष्मण, सीता को लक्ष्मण रेखा खींचकर सुरक्षित रहने की सलाह देकर चले गए। इसके बाद रावण साधु के वेश में सीता के पास आया और भिक्षा मांगने के बहाने लक्ष्मण रेखा पार करने को कहा। सीता के रेखा पार करते ही, रावण ने अपना असली रूप दिखाया और सीता का अपहरण कर लंका ले गया। श्रीराम कथा के अवसर पर भूषण कौशल्या चंद्राकर, किशन गीता चंद्राकर, चमन रीखा चंद्राकर, लता, चंद्रिका, नारायण, पवन, सीता, पार्वती, दुर्गा, पूजा, ममता, सुमित्रा, त्रिवेणी, सरोज, लक्ष्मी, कामता, दिनेश्वरी, हीरा, राखी, वर्षा, शकुन, मीना मौजूद रहे।

### शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह हुआ

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खरोरा में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक डोमार साहू के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डोमार राम साहू के साथ व्यतीत किए गए समय को याद करते हुए सभी लोगों ने शिक्षक के रूप में उनकी मेहनत और लगन को मंच पर साझा किया। इस अवसर पर शासकीय आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने कहा कि शिक्षक हमें किताबी ज्ञान के साथ साथ जीवन के मूल्यों को भी सिखाते हैं। शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षक समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी उपस्थिति ने इस कार्यस्थाल में रोशनी ला दी है। पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अंत में आशीष वचन के रूप में डोमार राम साहू ने कहा कि जब मैं इस विभाग में आया तो मेरे पास उत्साह था पर अनुभव नहीं। मुझे अनुभव प्राप्त करने में साथ दिए हैं और इसके लिए मैं आप सबका आभारी रहूंगा। समारोह में शाला समिति अध्यक्ष आशा परमार, संगीता यादव, शिक्षकगण रामेश्वरी ध्रुव, मोना चंद्राकर, प्रीति तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, लता चंद्राकर, माधुरी, राम प्रसाद, ग्रामीणजन, शाला के छात्र, पूर्व छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुबे कुमार पटेल एवं आभार व्यक्त गायत्री चंद्राकर ने किया।



## खबर संक्षेप



### आंचल संस्था में मनाया गया गुरु पूर्णिमा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आंचल जनकल्याण समाज सेवी संस्था द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता डिगेश्वरी कुर्रे ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित ट्यूशन क्लास में गुरु पूर्णिमा पर गीत संगीत और खेल के माध्यम से बच्चों को गुरु पर्व पर जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को निःस्वार्थ सेवा दे रहे कार्यकर्ताओं का नारियल भेंट कर सम्मान किया गया, जो अपना बहुमूल्य समय बच्चों को पढाने में समर्पित कर रहे हैं।

### पीएम सूर्य घर मोदी की क्रांतिकारी योजना



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ शासन में राज्य महिला आयोग के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्य घर योजना लोगों को बिजली बिल से पूरी तरह से मुक्ति दिलाने वाली क्रांतिकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से आप अपनी मांग अनुरूप या खपत के अनुसार बिजली स्वयं उत्पन्न कर सकते है। कोसरिया ने आगे बताया कि यह योजना कोयला,पानी आदि से उत्पन्न बिजली पर निर्भरता को कम कर सूर्य की किरण के माध्यम से बिजली उत्पन्न कर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सार्थक पहल है।

### सावन माह में तेज धूप, उमस और गर्मी ने किया परेशान

**नर्रा।** क्षेत्र में बारिश थमने के बाद सावन माह लगते ही धूप अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। तेज धूप के कारण उमस व गर्मी बढ़ गई है। अब लोग फिर पंखे कूलर की सहारा लेना पड़ रहा हैं। इधर, दादर भर्री खार वाले खेत में भरे पानी सूखने से बियासी कार्य ठप पड़ने लगे है। फिर किसानों को बारिश की दरकार है। इधर, सही समय पर फसल को डीएपी यूरिया की आवश्कता पड़ता है। लेकिन, सोसायटियों में डीएपी यूरिया खाद नही मिलने से किसान परेशान है।

## प्रतियोगिता : चयनित खिलाड़ी रायपुर संभाग का करेंगे प्रतिनिधित्व

# सरायपाली के आयुष और पिथौरा की अनुपमा बने जिला चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- पिथौरा में जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा का आयोजन, संभागीय प्रतियोगिता आगामी 25 अगस्त को पिथौरा में

पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल पिथौरा में आयोजित जिला स्तरीय शालेय शतरंज स्पर्धा का समापन हुआ। महासमुंद जिले के पिथौरा, बसना, सरायपाली, बागबाहरा एवं महासमुंद विकासखंडों से कुल 112 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर तीन आयु वर्गों में स्विस लीग पद्धति के चार चक्रों में संपन्न हुई।

टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमंत खुटे ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप संचालित हुई। पेयरिंग के लिए स्विस मैनेजर सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया तथा सभी परिणाम चेस रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड किए गए। उन्होंने बताया कि आगामी संभाग स्तरीय चयन स्पर्धा 25 अगस्त को पिथौरा में होगी, जिसमें जिले के चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी सुधीर



प्रधान एवं संयोजक राजेश साहू द्वारा किया गया। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना व अनुशासन के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। सीनियर वर्ग अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम आयुष बरीहा (सरायपाली), द्वितीय जसवंत साहू (पिथौरा), तृतीय दीपांशु प्रधान (सरायपाली), चतुर्थ चौलेश साहू (पिथौरा), पंचम हिमांशु यादव (पिथौरा), बालिका वर्ग में प्रथम अनुपमा साहू (पिथौरा), द्वितीय दीक्षा बारीक (सरायपाली), तृतीय फातिमा (सरायपाली), चतुर्थ मंजुला साहू (पिथौरा), पंचम नीरा यादव (पिथौरा)। जूनियर वर्ग अंडर-17 बालक वर्ग में प्रथम इशांत भोई (सरायपाली), द्वितीय चिराग यदु (महासमुंद), तृतीय ऋषभ यादव (पिथौरा), चतुर्थ शौम्य चंद्राकर (महासमुंद), पंचम ओबेद तांडी (सरायपाली), बालिका वर्ग में प्रथम प्रिया साहू (बागबाहरा), द्वितीय इशिका भोई (पिथौरा), तृतीय प्राची तांडी (पिथौरा), चतुर्थ अंकिता भोई (पिथौरा)पंचम अलसामा कालिमा (सरायपाली)। सब-जूनियर वर्ग अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम डूगेश निर्मलकर (पिथौरा), द्वितीय दिव्यांश भोई (सरायपाली), तृतीय वंश चंद्राकर (बागबाहरा), चतुर्थ अंकुर ध्रुवंशी (महासमुंद), पंचम नेतेंद्र यादव (महासमुंद), बालिका वर्ग में प्रथम आशी सतपथी (सरायपाली), द्वितीय सृष्टि प्रधान (सरायपाली), तृतीय होशिका पटेल (पिथौरा), चतुर्थ खुशी ठाकुर (बागबाहरा), पंचम नीतू साहू (सरायपाली)। चयनित 30 खिलाड़ियों में पिथौरा व सरायपाली से 11-11, महासमुंद से 5 एवं बागबाहरा से 3 खिलाड़ी शामिल हैं, जो संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा के सफल संचालन में चीफ आर्बिटर चंदन विश्वकर्मा और आर्बिटर पैनल में राजेश्वरी ध्रुवंशी, हेमराज प्रधान शामिल रहे। तकनीकी सहयोग फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन का रहा। चयन समिति में हेमंत खुटे, राजेश्वरी ध्रुवंशी, भूपेंद्र प्रधान, लखेश्वर भाई, तृषा शर्मा, मंजिला व शैलेष शुक्ला सम्मिलित रहे। टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमंत खुटे ने चयनित खिलाड़ियों से अपील की है कि वे पिथौरा के नाइट चेस क्लब में प्रतिदिन निःशुल्क अभ्यास कर सकते हैं, जहां अनुभवी प्रशिक्षकों से मार्गदर्शन मिलेगा।

# सिवनीकला में हनुमान प्रतिमा की चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनीकला के ग्रामवासियों द्वारा सरकारी जमीन पर हनुमान की प्रतिमा स्थापित किया गया था। जानकारी के अनुसार बीती रात 12 जुलाई को स्थापित हनुमान की प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों ने गायब कर दी। सुबह देखने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। वहां के ग्रामीणों ने थाना जाकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें घटना का उल्लेख करते हुए पुलिस से हनुमान प्रतिमा की खोजबीन कर आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक उक्त सरकारी जमीन पर एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रहा था, इसे रोकने के लिए ग्रामीणों ने उक्त जमीन पर हनुमान की मूर्ति स्थापित करने का निर्णय लिया था। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्रामवासियों ने उक्त जमीन पर बड़ी श्रद्धा के साथ पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर विधिवत हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा किया गया था, जिसे असमाजिक तत्वों ने बीती रात में उखाड़ कर ले गए। थाना प्रभारी को ग्रामवासियों ने मूर्ति की पतासाजी कर ऐसे कृत्य करने वाले के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाही करने की मांग की है।

इस दौरान भीमा साहू, लक्ष्मीचंद साहू, भूनेश्वर साहू, रामेश्वर लेखराम, ओम प्रकाश, पवन, टीकम, मीनाबाई, पार्वती, दुर्गा, गीताबाई समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कोमाखान थाना पहुंचे।

# बोल बम समिति ने किया कांवर यात्रा मार्ग का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- एसडीओपी अजीत ओगरे ने श्रद्धालुओं के लिए बाईं ओर व्यवस्था करने दिए निर्देश

श्रावण मास के अवसर पर आयोजित होने वाली पवित्र बोल बम पैदल कांवर यात्रा की तैयारियों को लेकर बोल बम समिति एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहे है। आगामी 19 जुलाई से देवधारा से सिरपुर तक आयोजित होने वाली भव्य यात्रा को लेकर शनिवार को यात्रा मार्ग का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में बोल बम समिति के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, संरक्षक ठाकुर अनंत सिंह वर्मा, संरक्षक मनमीत 'रिक्की'



छाबड़ा, संरक्षक लक्ष्मीकांत 'बबलू' सोनी एवं प्रशासन की ओर से एसडीओपी अजीत ओगरे, पिथौरा थाना प्रभारी उमेश वर्मा तथा पटेवा थाना टीम शामिल रही। इस दौरान कसहीबहरा, झलप, चिरको और पटेवा में पैदल यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया और श्रद्धालुओं को सेवा देने वाले स्थानीय सेवा समूहों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सभी समूहों ने श्रद्धालुओं की सेवा में तत्परता और सहयोग का भरोसा दिलाया।

### बिजली दरों की बढ़ोतरी, भाजपा की जनविरोधी मानसिकता की खुली पोल: केशव



**बागबाहरा।** डबल इंजन की भाजपा सरकार ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ की करोड़ों मेहनतकश जनता के साथ विश्वासघात किया है। बिजली की दरों में की गई भारी वृद्धि इस सरकार की जनविरोधी और पूंजीपरस्त मानसिकता को उजागर करती है। यह वही सरकार है, जो चुनाव पूर्व विकसित छत्तीसगढ़ समृद्ध किसान, 24 घंटे बिजली जैसे सपने दिखाकर सत्ता पर आई है लेकिन अब एक-एक यूनिट पर जनता की जेब काटने में लगी है। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार आम आदमी की नहीं, अमीर उद्योगपतियों की सरकार है। पूंजीपतियों के लिए खजाने के द्वार खोलने वाली इस सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने का ठेका ले लिया है। केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी कर रही है। गांव-गांव, शहर-शहर कांग्रेस कार्यकर्ता जाकर बिजली दरों की असलियत बताएंगे और जनता को जागरूक करेंगे। यह जनतंत्र है, झूठ का व्यापार नहीं। जब सरकार जनता की पीड़ा नहीं सुनेगी, तो कांग्रेस सड़क पर उतरेगी और आवाज बनकर लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है जब जनता भाजपा सरकार को उसके हर फैसले के लिए जवाबदेह बनाए और आगामी चुनावों में सबक सिखाए।

# डबल इंजन की वाली भाजपा सरकार में आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की स्थिति दयनीय : भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



- भाजपा सरकार की नीयत गरीबों के बच्चों को शिक्षित करने की नहीं : कांग्रेस

आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की दुर्दशा को लेकर बागबाहरा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि जिले में आत्मानंद स्कूलों की स्थिति चिंताजनक है। पिछले दो वर्षों से इन स्कूलों में संविदा शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है, जिससे कई विषयों के शिक्षक पद रिक्त पड़े हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में शिक्षकों की भर्ती हो चुकी है, ऐसे में महासमुंद जिले के साथ की गई यह खुली उपेक्षा घोर निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

ठाकुर ने कहा कि आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल कांग्रेस सरकार की गरीब हितैषी और दूरदर्शी योजना थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को भी निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराना था। भूपेश बघेल के नेतृत्व में जब ये स्कूल खुले थे, तब उनमें दाखिले के लिए अभिभावक कतारों में खड़े रहते थे। इन स्कूलों के छात्रों ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ बोर्ड की मेरिट लिस्ट में जगह बनाई थी।

### कांग्रेस का ऐलान : गरीबों के स्कूल बंद नहीं होने देंगे

ठाकुर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी गरीबों के बच्चों के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि शीघ्र ही शिक्षकों की भर्ती, बजट की आपूर्ति और संचालन व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी और भाजपा सरकार की गरीब विरोधी मानसिकता को बेनकाब करेगी।

# आवारा पशुओं से त्रस्त किसान एवं जनता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

क्षेत्र में पशु पालकों के लापरवाही के चलते किसानों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। पशु पालक अपने गाय या भैंस को खुला छोड़ रहे हैं, जिसके कारण ये जानवर खेतों में विचरण कर फसल के पौधे को नुकसान पहुंचा रहे हैं या ये एनएच 53 में आ रहे और गाड़ियों से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। गौ सेवक राजा अग्रवाल ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से रोजाना एक्सीडेंट हो रहा है। जिसमें पांच गायों की मौत हुई।

उनका अंतिम संस्कार किया गया एवं करीब छह गौमाता को प्राथमिक उपचार के लिए पिथौरा के गोविंद कमला गौधाम में भेजने की व्यवस्था स्थानीय गौ सेवकों की टीम ने की। स्थानीय ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष भागीरथी मार्कंडेय ने पशु पालकों को कहा है कि अपने पशुओं को अपने घर या ब्यारा में रखे अन्यथा उन्हें बाहर के गौशाला में भेजा जाएगा।

# प्राथमिक शाला मोहगांव में बाल कैबिनेट गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव में शनिवार 14 जुलाई को बाल कैबिनेट गठन के लिए प्रधानमंत्री पद का चुनाव मतदान के माध्यम से हुआ। सुबह से ही चुनाव को लेकर बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह था। इस चुनाव में दीक्षा साहू, दिव्यांशी पटेल, लक्ष्य बारीक, रीतिका मिश्रा सहित चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। कक्षा पहली से पांचवीं तक कुल 157 मतदाता थे। जिसमें से 142 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दीक्षा साहू 85, लक्ष्य बारीक 25, दिव्यांशी पटेल 252, रीतिका मिश्रा को 8 मत मिले तथा 2 मत अवैध पाए गए। दीक्षा साहू 60 मतों से चुनाव जीतने में सफल रही। नवमी के खुशी साव, रेशमी दीप, सस्मिता निषाद, तनूजा सिदार,



सीमा बरिहा ने मतदान अधिकारी के रूप में कार्य किया। लोकनाथ एवं विकास ने सुरक्षा गार्ड की भूमिका निभाई। इस अवसर पर शेष पदों के लिए बच्चों की सहमति से मनोनयन किया गया, जो निम्नानुसार है। लक्ष्य बारीक शिक्षा मंत्री, दिव्यांशी पटेल स्वास्थ्य मंत्री, रीतिका मिश्रा अनुशासन मंत्री, कक्षा पांचवीं देवेश साहू कप्तान, प्राची पटेल उप कप्तान, कक्षा चौथी मेघनंदनी साहू कप्तान, तुषार डड़सेना उप कप्तान, तीसरी मोनी पटेल कप्तान, शौर्य बारीक उप कप्तान, दूसरी आयुष प्रधान कप्तान, आकृति प्रधान उपकप्तान, पहली प्रिंसी विशाल कप्तान, बुद्धेश्वर साहू उप कप्तान चुने गए। साथ ही युवराज पटेल को नवोदय क्लास और ऑनलाइन क्लास के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शाला के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के मार्गदर्शन में एव गौरीशंकर पंडा, विजय कुमार नाग, नीलिमा साहू, कविता बढ़ाई के सहयोग से मतदान एवं बाल कैबिनेट का गठन हुआ।



### पेंशनर संघ की बैठक में नई सदस्यता पर हुई चर्चा

**बसना।** छग पेशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना की मासिक बैठक शनिवार 12 जुलाई को को पेंशन भवन में हुई। बैठक में 2025 के सदस्यता पर चर्चा की गई। सभी पेंशनरों से संपर्क कर संघ से जोड़ने पर जोर दिया गया। मप्र-छग विभाजन धारा 49 (6) को विलोपित करने एवं केंद्र के समान 55 प्रतिशत डीए के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पोस्ट कार्ड लेखन का कार्य किया गया। बैठक में सभी पेंशनरों को आय कर दाखिल करने को कहा गया। बैठक में सीए सन्नी अग्रवाल भी उपस्थित रहे। बसना तहसील के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक पुरुषोत्तम दीवान भी उपस्थित होकर अपने विचार रखें। एचडीएफसी बैंक के कैशियर ने भी बैंकिंग के बारे में जानकारी दी गई। आरवी प्रधान को प्रदेश प्रचार मनोनीत किए जाने पर प्रांताध्यक्ष डीपी मरहर को आभार व्यक्त किया गया। अंत में उपस्थित पेंशनरों द्वारा दिवंगत स्व युधिष्ठिर यादव एवं रासबिहारी दास को दो मिनट मौन रख कर श्रदांजलि दी गई।

# गौरव विद्या मंदिर में हुआ किशोर व कन्या भारती का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

गौरव विद्या मंदिर के संचालक तेज कुमार पंडा के मार्गदर्शन, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल, सरवरी निशा, तेजराज डनसना, सविता प्रधान, प्रफुल्ल बारीक़, प्रीति पुजारी की उपस्थित में बाल भारती व कन्या भारती का गठन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं का मनोनयन कर शपथ दिलाया गया। किशोर भारती में अध्यक्ष प्रणय पंडा, किशोर भारती उपाध्यक्ष मोनेश प्रधान, सचिव नरेंद्र साव, सहसचिव डोलचंद पटेल, विज्ञान संघ अध्यक्ष नवराज निषाद, अनुशासन प्रमुख जयकिशन यादव, सह अनुशासन धीरज शर्मा, क्रीड़ा प्रमुख टिकेंद्र सिदार, सह क्रीड़ा प्रमुख लितेश दीवान, जल प्रमुख कृष्णा महापात्र, स्वच्छता प्रमुख करनराज निषाद, स्काउट कृष्णा भोई, विद्युत प्रमुख सुमीत साहू, खोया-पाया हरीश पटेल, बागवानी प्रमुख



सोमीत साहू, सांस्कृतिक प्रमुख विश्वायु भोई शामिल है। इस प्रकार से कन्या भारती में अध्यक्ष सीमा पटेल, उपाध्यक्ष दीपिका यादव, सचिव हरिप्रिया पटेल, सहसचिव पूजा साव,विज्ञान संघ प्रमुख मनीषा चौधरी, सांस्कृतिक प्रमुख मानसी दास, सांस्कृतिक सह सचिव रीना पटेल, अनुशासन प्रमुख समायरा जनबंधु, सहसचिव अमृता साहू, प्रार्थना प्रमुख रोशनी सिंह, हिमांशी नायक, कुसुम पटेल, तेजश्वनी दीवान, क्रीड़ा प्रमुख जास्मिन भोई, सह क्रीड़ा प्रमुख कामिनी चौहान, जल प्रमुख तनिशा यादव, स्वच्छता प्रमुख सोनम शाह, स्वच्छता सह प्रमुख सिम्मी महापात्र, गाइड तमन्ना सेठ, खोया पाया उर्मिला परमार, बागवानी प्रमुख स्नेहा डडसेना। इसी तरह कक्षा वार कक्षा नायक बारहवीं साइंस से पीयूष पटेल, वर्षा नायक, बारहवीं कॉमर्स नीरज पटेल, आर्यन जगदल्ला, बारहवीं आर्ट रेशमा मोंगरी, शेख असदुल, ग्यारहवीं साइंस हेमंत पूरी, सुनीता साहू, ग्यारहवीं कॉमर्स आयुष गिरी, भूमिका पाणिग्राही, ग्यारहवीं आर्ट खिरोद्र पटेल, बबीता राणा, दसवीं प्रितेश बारीक़, तुल्यांका चौहान, नवमी सतीश मलिक, प्रियांशी दास, आठवीं संजय महाकुड़, अंनन्या ड़ड़सेना, सातवीं उपकार चौहान, मानसी निषाद, पांचवीं रंजन यादव, कलवरी दीप, पांचवीं चंद्रशेखर साहू, पूर्वी मलिक, चौथी नैतिक ड़ड़सेना, सुप्रदा नंदा, तीसरी कुबेर दास, ट्विंकल दीवान, दूरी चंद्रकुमार साहू, तानिया सेठ, पहली ताजुल अली, प्रार्थना सागर को चुना गया।

### महाकाल मंदिर में महारूद्राभिषेक आज

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्र. 25 स्थित महाकाल मंदिर में सावन के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को महारूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन विधि संपन्न कराया जाएगा। वार्ड पार्षद भाऊराम साहू ने बताया कि महारूद्राभिषेक के अवसर पर महाकाल की विशेष पूजा कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। जिसमें समस्त वार्डवासी उपस्थित रहेंगे।

### ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप आज

**महासमुंद।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को प्रातः 7 से 8 बजे तक एक घंटे का ॐ नमः शिवाय का जाप दलदली शिव मंदिर में किया जाएगा। यह आयोजन दिव्य जीवन संघ द्वारा रखा गया। उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर ने दी है।

